बरेली, मंगलवार
4 मार्च, 2025
नगर संस्करण

दैनिक जागरण inext

PAGE NO :04 BOTTOM

# एसआरएमएस की ओर से प्रेम निवास में लगाया स्वास्थ्य जागरूकता कैंप



bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (3 March):** एसआरएमएस कालेज आफ नर्सिंग के विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों ने चौकी चौराहा स्थित वृद्धाश्रम प्रेम निवास अनाथालय में स्वास्थ्य जागरूकता कैंप लगाया. कालेज के असिस्टेंट प्रोफेसर मयंक कुमार, नर्सिंग ट्यूटर रितिका और शांति के साथ बीएससी नर्सिंग, जीएनएम और एएनएम के 45 बच्चों ने प्रेम निवास में बुजुर्गों और बच्चों से उनके स्वास्थ्य के बारे में बातचीत की. उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया. इस दौरान उपस्थित लोगों की स्वास्थ्य जांच भी की गई और सभी को फल भी वितरित किए गए. मयंक ने बताया कि यहां बुजुर्गों को भावनात्मक सहयोग करने के साथ ही सभी लोगों को व्यक्तिगत स्वच्छता एवं रोगों की रोकथाम के प्रति जागरूक किया गया. सभी को संतुलित आहार, छोटे मोटे घावों के प्राथमिक उपचार की जानकारी भी दी गई.